


रक्षाबंधन
पाक्षिक


# टेक्सटाइल वर्ल्ड


Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-08-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-27 | अंक-04 | भीलवाड़ा/07 अगस्त, 2024 | कुल पृष्ठ- 26 | मूल्य : 25 रुपए















# त्योहारी सीजन में गारमेंट कारोबार बढ़ने की उम्मीद

## पार्टी वियर, एथनिक वियर ब्राण्डों में होगा उठाव

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट कारोबार में तेजी की पूरी संभावना बनी हुई है। सीएमएआई द्वारा आयोजित गारमेंट फेयर को अच्छी सफ लता मिलने के बाद ज्यादातर कारोबारियों का आकलन है कि अब गारमेंट के कारोबार में तेजी आएगी। चार दिन तक चले इस फेयर में 2100 करोड़ रू का व्यापार होने की रिपोर्ट है। इसमें मेंस वियर, लेडीज वियर और चिल्ड्रन वियर ब्राण्डों की प्रदर्शनी में खरीददारों जैसे कि रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर और थोक कारोबारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इस फेयर में 1300 से अधिक एपेरल ब्राण्डों को प्रदर्शित किया गया था। अब तक कमजोर कामकाज एवं मंदी से जूझ रहे गारमेंट कारोबारियों को आगे की सीजन में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। अनसोल्ड स्टॉक अधिक होने की समस्या से परेशान रिटेलरों की मानसून सेल के माध्यम से स्टॉक हल्का करने की पूरजोर कोशिश से राहत मिली है। रिटेल स्तर पर कमजोर मांग और गारमेंट कपड़ों की शिथिल मांग में सुधार की संभावना है। आगामी त्योहारी एवं विण्टर सीजन की सेम्पलिंग के बाद गारमेंट कपड़ों की मांग एवं उत्पादन में सुधार की उम्मीद की जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि नवम्बर से शुरू हो रहे वैवाहिक सीजन के कारण पार्टी वियर, कैजुअल वियर और एथनिक वियर के शर्टिंग का बाजार अभी से बहुत मजबूत हो गया है।

बजट में स्पैनडेक्स यार्न में इस्तेमाल होते एमडीआई की बेसिक कस्टम ड्यूटी 7.5 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। विण्टर वियर में इस्तेमाल मटीरियल का शुल्क 30 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। इस कारण विण्टर वियर, स्पोर्ट्स वियर और बॉटम वियर का उत्पादन खर्च कुछ कम होगा। ऐसा होने पर एपेरल के लिए स्टेचेबल कपड़ों की लागत कम होगी। इन कारणों से एपेरल उद्योग की लागत नीचे आने की संभावना है और गारमेंट निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर कारोबार करने में सुविधा होगी। देश में बड़े पैमाने पर विदेशी ब्राण्डों के लिए गारमेंट का उत्पादन किया जाता है, जिनमें कारोबार सुधरेगा।





































## सरकार की ओर से पावरलूम सहकारी संस्था को आर्थिक सहयोग

**कोल्हापुर / राहुल खाडे**

राज्य सरकार की ओर से पावरलूम सहकारी संस्था को आर्थिक सहयोग देने का महत्त्वपूर्ण फैसला लिया गया। ऐसे में लगभग 15 सालों के बाद ऐसी पावरलूम संस्था को आर्थिक सहयोग मिलने वाला है। इसका लाभ मराठवाड़ा और विदर्भ के पावरलूम सहकारी संस्था को होने वाला है। जिससे राज्य में नई पावरलूम संस्था शुरू करने का रास्ता साफ हो गया।

राज्य के पावरलूम उद्योग का विकास करने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के तहत पावरलूम को आर्थिक सहयोग दिया जाता था। उसके अनुसार सन् 2006-11 तक राज्य में 140 पावरलूम संस्था शुरू की गई। कोल्हापुर जिले में 65 से 70 संस्था है, लेकिन बीते 14 सालों में योजना अस्तित्व में होकर भी कई संस्थाओं को आर्थिक सहयोग मिला नहीं, जिससे नई पावरलूम संस्थाएं शुरू नहीं हुई। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम पुरस्कृत योजना बंद करने का फैसला लिया, लेकिन इससे पहले मंजूरी 26 को और शासन की ओर से 67 संस्थाओं कों मिलाकर कुल 93 संस्थाएं है। सन् 2009 के पहले की एक संस्था को 52 लाख रुपए आर्थिक सहायता करने का फैसला लिया।

# आगामी सीजन की तैयारी में जुटे व्यापारी

**सतना/ बलराम शुक्ला**

इस समय बारिश का सीजन चालू है। मंदी के चलते अक्सर कपड़ा व्यापारी बरसाती मटीरियल तिरपाल, मच्छरदानी, छाता इत्यादि की भरपूर बिक्री कर रहे हैं। व्यापार भी अच्छा चल रहा है, लेकिन उसके साथ-साथ सावन के प्रमुख त्योहार रक्षाबंधन के लिए मैचिंग आइटम जैसे अस्तर, साड़ी फॉल, रूमाल, तौलिया, नैपकिन का भी भरपूर स्टॉक कर रखा है। वैसे तो रक्षाबंधन में सलवार सूट, फैंसी साड़ियों की ग्राहकी ज्यादा रहती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से सलवार सूट के नान स्टिच कपड़ों की बिक्री पर असर पड़ा है। एक तो लम्बी लागत और जल्दी-जल्दी फैशन का बदलाव, दूसरा सिलाई महंगी होने के कारण सेल में फर्क पड़ा है। एक समय था जब कुछ व्यापारी सालभर सलवार सूट ही बेंचते थे, लेकिन ग्राहकी न होने के कारण अब ऐसे व्यापारियों की संख्या कम हो गई है। इस समय रेडीमेड सलवार सूट ही बिक रहे हैं। रेडीमेड सलवार सूट में मैचिंग का झंझट नही रहता है, प्रायः सभी समाज ने इसको स्वीकार कर लिया है। पहले कुछ गिने-चुने समाज में ही सूट पहनने का फैशन था लेकिन अब समय बदल गया है। नए जमाने के नये परिधान बाजार में सरलता से उपलब्ध है, इसलिए पॉपलीन की बिक्री में फर्क पड़ा है क्योंकि पेटीकोट भी नहीं बिक रहा है।

## बारिश ने बिगाड़ा खेल, आगामी सीजन में अच्छे संकेत

**आकोला/ राजेश जैन**

हमारे एरिया में पिछले 7 दिनों से बरसात चालू है । सात दिन बाद सूर्य भगवान के दर्शन हुए। बरसात के कारण फसलें तो बढ़िया है, मगर मार्केट से ग्राहक पूरी तरह से गायब है। सुबह-शाम तक टाइम पास करना मुश्किल हो गया है लोग घरों में आराम से बैठे हैं। व्यापारी डर-डर कर खरीदी कर रहा है, लेकिन बारिश का असर व्यापार पर ज्यादा फर्क नही डालेगा। आगामी त्योहारी सीजन गणेश उत्सव पर व्यापार अच्छा रहने की उम्मीद है।

## त्योहारी सीजन से लेडीज सूट्स, फैंसी साड़ीज में ग्राहकी जबरदस्त

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल...** सावन मास के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तक हरिद्वार से गंगा जल लाकर विभिन्न क्षेत्रों के शिवालयों में चढ़ाने के लिए भारी जन सैलाब उमड़ पड़ता है। ट्रैफिक या तो बंद कर दिया जाता है अथवा डायवर्ट कर दिया जाता है। व्यापारिक गतिविधियां प्रायः ठप्प हो जाती हैं। व्यापारी भाई गंगा जल को कावड़ में लाने वाले भोले भक्तों की सेवा में जुटे रहते हैं। उसके बाद हरियाली तीज व रक्षाबन्धन का काम ठीक-ठाक चलता है। आशा है अब रक्षाबन्धन तक मुख्य रूप से लेडीज सूट, फैंसी ड्रेस, साड़ी आदि लेडीज आइटमों की मांग बनी रहेगी। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्वश्री विनोद डाबर, मनोहर लाल, संजीव गोयल, इन्द्र सुनेजा, गुलाटी जी, सुदर्शन खरबंदा, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, देवेंद्र गर्ग, पवन बत्रा, अशोक छाबड़ा, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अनिल नामदेव, के.पी. त्यागी के अनुसार इसके बाद व्यापारी नवरात्रि व दीपावली की तैयारियों में जुट जायेंगे।

## बाजार में दिखने लगे डिस्काउण्ट ऑफर के बोर्ड

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

हर वर्ष की तरह इस बार भी रक्षाबंधन से पूर्व वस्त्र बाजार में डिस्काउण्ट ऑफर के बोर्ड लग चुके हैं। जिन प्रतिष्ठानों पर डिस्काउण्ट सेल लग रही है, उन पर कुछ वर्षों से यह सिस्टम बन चुका है। साड़ियों और रेडीमेड वस्त्रों के प्रतिष्ठानों पर इस तरह के ऑफर का प्रचलन हो चुका है। एक के साथ एक टी-शर्ट फ्री, दो टी-शर्ट खरीदने पर एक मुफ्त, पाँच सौ रूपयों में तीन शर्ट, 350 रू की एक साड़ी, 500 रू की दो साड़ी इत्यादि ऑफर के बावजूद दुकानों में ग्राहक नजर नहीं आते और कहीं-कहीं पर दुकानों में पाँव रखने की जगह तक नहीं मिलती। दुकानदार सेल लगाकर पुराना स्टॉक निकालते हैं और कई दुकानदारों को नया माल मंगवाना पड़ रहा है। देखा जाए तो जहाँ नये माल की सेल द्वारा बिक्री हो रही है वहां ग्राहक वेटिंग में होते है। कुल मिलाकर अभी वस्त्र बाजार में ग्राहकी मंदी है। कई व्यापारी रक्षाबंधन का ऑर्डर बुक करवा चुके और कई तैयारी में है। जानकारों की माने तो रक्षाबंधन पर्व पर उठाव देखने को मिल सकता है।












## रेडीमेड ड्रेसों की भरपूर डिमाण्ड


**रेवाड़ी / जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में इस समय रक्षाबंधन पर साड़ियों की ग्राहकी तथा मिक्समैच इत्यादि कपड़ा अच्छा बिक रहा है। देवरानी-जेठानी श्री जगदीश भाई के यहां ग्राहकी साड़ियों व सूटिंग-शर्टिंग की अच्छी हो रही है। विजय मैचिंग साड़ी सेंटर श्रीमान गुप्ता जी के यहाँ इस समय ग्राहकी अच्छी चल रही है। माधव कलेक्शन श्री नंदिनी पाठक के यहाँ रेडीमेड जैसे बच्चों के स्कूल ड्रेस की अच्छी सप्लाई हो रही है। यहाँ पर प्राइवेट स्कूल की सभी ड्रेसों का ऑर्डर आ रहा है। पेमेंट की आवक-जावक मिलो में अच्छी हो रही है। स्कूल ड्रेसों का ऑर्डर मिलों को अच्छा मिल रहा है। इस समय मार्केट में स्कूल ड्रेस का काम अच्छा हो रहा है। मित्रों की दुकान पर रेडीमेड का काम अच्छा हो रहा है तथा बाजार के आगे चलने की पूरी उम्मीद है।

## डिस्काउंट सेल में भारी ग्राहकी

**निजामाबाद / जुगलकिशोर झँवर**

निजामाबाद में 8-10 बहुत बड़े-बड़े कपड़े के शोरूम है। जहाँ प्रतिवर्ष आषाढ़ मास की डिस्काउंट सेल चल रही है। जहां डिस्काउंट के साथ साड़ियां बिक रही है। इस कारण महिलाओं की भारी भीड़ इन शोरूम में है। हालांकि ज्यादा ग्राहकी 200 से 500 रू तक की रेंज की साड़ियों में है। कारण निजामाबाद के चारों और बहुत गाँव है। सरकार की ओर से महिलाओं को बस फ्री है। इस कारण गाँव की भी महिलाएं ग्रुप बनाकर रोज भारी संख्या में आ रही है। ग्राहकी केवल महिलाओं की ही है, जेंट्स में ग्राहकी नहीं है। साउथ में महिलाओं में नई साड़ी, ब्लाउज पहनने का बहुत क्रेज रहता है। इस कारण भी ग्राहकी बहुत रहती है। श्रावण मास तेलंगाना में 15 दिन आगे आता है, जिसमें थोड़ी बहुत शादियां रहती है। इस कारण भी ग्राहकी है।



# वैल्यू क्रिएशन और 'सम्पूर्ण आर्थिक सुरक्षा' सेमिनार सम्पन्न



**कोलकाता/ रतन लाल पंडित**




चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा इन्वेस्टमेंट और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के विषय पर एक सेमिनार का आयोजन होटल केनिलवर्थ में किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक था 'वेल्थ क्रिएशन और सम्पूर्ण आर्थिक सुरक्षा' इस कार्यक्रम में प्रमुख आर्थिक विशेषज्ञ एंव सलाहकार श्री कौशिक मल्लिक, श्री शुभमय दास और श्री नवीन झाझड़िया उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि साधारण व्यक्ति अपनी सैलरी या व्यापार से हुई बचत को पैसिव आय के लिए फिक्स डिपॉजिट, शेयर, म्यूचुअल फंड, प्रॉपर्टीज आदि में इनवेस्ट करता है। अतः जरूरी है कि इसकी प्लानिंग सोच-समझकर की जाए। विशेषज्ञों ने इसके लिए आवश्यक टिप्स भी दिए। कार्यक्रम के आरंभ में कोट्टी के अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त आय की चाह सभी को रहती है, परंतु बहुत बार यह ऐसा चक्रव्यूह साबित होता है जिससे कि निकलना संभव नहीं हो पाता है। अतः बहुत सावधानी से सतर्क रहकर इन्वेस्टमेंट करना जरूरी है और हमारा यह कार्यक्रम इसी पर आधारित है। कोट्टी के मंत्री श्री देवेंद्र बोथरा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि आज आर्थिक मामलों के कुछ प्रमुख विशेषज्ञ कोट्टी के सदस्यों को सलाह देने हेतु यहां पर उपस्थित है और आशा है की सभी सदस्य इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में कोट्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री अरुण भुवालका, पूर्व अध्यक्ष श्री मुरारी लाल खेतान, संयुक्त सचिव श्री विजय सिंह बावलिया, सेमिनार और वर्कशॉप कमेटी के चेयरमैन श्री अशोक शाह, कॉ-चेयरमैन श्री आशीष झुनझुनवाला एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री धर्मेन्द्र सेठ, श्री सरोज सिंगल, श्री बजरंग लाल खेरिया आदि उपस्थित थे। अंत में श्री अशोक शाह ने सभी को धन्यवाद दिया।

## त्योहारी सीजन में जबरदस्त ग्राहकी

**ब्यावर/ अनिल डोसी**


मार्केट में ग्राहकी धीमी चल रही है। रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त श्रावण शुक्ल 15 विक्रम संख्या 2081 सोमवार को आ रहा है। इस त्योहार पर बहन-बेटियों को उपहार स्वरूप साड़ियां, ड्रेस मटीरियल, ओरनी, सलवार सूट इत्यादि गिफ्ट दिया जाते हैं। वैसे अभी बरसात का मौसम चल रहा है। स्कूल ड्रेस की ग्राहकी अभी 15 अगस्त तक चलेगी। सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, सलवार सूट, धोती-जोड़ा, टॉवेल, पोपलीन, टेरी रूबीया, चुनरी प्रिंट-डांगी वेटलेस 50×50 - 20×20 पर आ रही है।










# स्पिनिंग मिलों की लेवाली से रूई और टूटने से संभली

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रूई में तेजी को ब्रेक लग गया है। प्रारंभिक स्तर पर रूई के भाव बढ़ने का कारण देश के कुछ हिस्सों, जिसमें पंजाब, राजस्थान और हरियाणा इत्यादि क्षेत्र में कपास की खेती किए जाने की आई रिपोर्ट के बाद भाव कुछ मजबूत हो गए थे और रूई बाजार लंबे समय से उतार-चढ़ाव के चक्र में फँसा था, लेकिन बाजार का रूख मजबूत होने से भाव अधिक नहीं घटे थे। अब गुजरात में भी कपास की खेती का रकबा घटने की रिपोर्ट आ रही है। रूई के भाव सुधरने के बाद मुनाफा वसूली के कारण फिर भाव घटकर 56790 रू. प्रति खंडी के इर्द-गिर्द चल रहे हैं। घटे भाव पर स्पिनिंग मिलों की लेवाली से रूई और टूटने से संभली है।

एक ओर अक्टूबर से शुरू होने वाली सीजन में रूई की पैदावार कम होने का अनुमान अभी से लगाया जा रहा है। कपास उगाने वाले क्षेत्रों में 95 प्रतिशत से अधिक बुवाई हो चुकी है। इसलिए क्षेत्रफल को लेकर अब कोई शंका नहीं है। दूसरे कुछ राज्यों में अतिवृष्टि भी हो रही है, इसका कपास की खड़ी फसल को कोई नुकसान हुआ है या नहीं इसकी कोई सटीक जानकारी नहीं मिली हैं। जिस तरह से स्पिनिंग इकाइयों में कॉटन यार्न का उत्पादन हो रहा है और मिलों को उचित भाव पर रूई उपलब्ध हो रही है, उससे कॉटन यार्न के भाव पर पिछले छह महीने में प्रति पाँच किलो 40 रू. तक बढ़े है। इससे लगता है कि अंततः अंतिम स्टॉक पिछले वर्ष की तुलना में कम ही रहेगा।

रूई का सबसे अधिक उत्पादन गुजरात में होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार आगामी सीजन के लिए गुजरात में कपास की बुवाई 20.98 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले वर्ष 25.39 लाख हेक्टेयर में की गई थी। कम क्षेत्रफल में कपास की खेती किए जाने का प्रमुख कारण यह है कि पिछले कुछ समय से कपास की कीमत किसानों को कम मिल रही थी, इसलिए किसानों में कपास को लेकर जो उत्साह था, वह घटा और कपास की बुवाई का क्षेत्रफल भी घटा है। देशभर में 125 से 130 लाख हेक्टेयर में कपास की खेती किए जाने का अनुमान है, लेकिन कपास की पैदावार वास्तव में पहले की प्रति हेक्टेयर 500 किलोग्राम की तुलना में घटकर अब 425 किलोग्राम रह गयी है। रूई की पैदावार और उसकी गुणवत्ता में अनिश्चितता है। वैश्विक स्तर की घटनाओं का प्रभाव रूई के निर्यात भाव पर पड़ रहा है। देश में पिछले दो वर्ष से रूई के भाव लगातार दबाव में रहे और इनमें कभी अधिक उछाल आया तो कभी घटे हैं।











# पार्टी वियर, कैजुअल वियर और एथनिक वियर शर्टिंग का बाजार मजबूत

## अगस्त से फिनिश कपड़ों में उठाव

## कारोबारी तैयारियां जोरों पर

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

जोरदार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त होने और त्योहारी ग्राहकी शुरू नहीं होने से बाजार में रौनक कम है। स्पैनडेक्स यार्न की कस्टम ड्यूटी कम करने को छोड़कर बजट ने बाजार को निराश किया है। कपड़ा उद्यमियों को लग रहा था कि बजट में एमएसएमई को 45 दिनों में भुगतान करने के प्रावधान में बदलाव किया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया और प्रावधान को यथावत् रखने से कपड़ों में कारोबार कम हो सकता है। त्योहारी सीजन के लिए कपड़ों की खरीदी करते समय ध्यान रखा जाएगा कि भुगतान समय पर किया जा सके उतना ही स्टॉक खरीदा जाए। आगे गारमेंट कपड़ों की लागत कम हो सकती है।

रिटेल काउंटरों पर कपड़ों की सेल निरंतर घटती जा रही है परंतु शहरी क्षेत्रों में गारमेंट की व्यापकता और उचित दर पर उपलब्धि से गारमेंट में कारोबार बढ़ा है, जबकि देसावरों में ट्रेंड ठीक विपरीत है। देसावरी मंडियों में फिनिश कपड़ों में कारोबार अधिक है। इसलिए गारमेंटरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नत क्वालिटी और बाजार ट्रेंड्स के अनुरूप कपड़ों का उत्पादन तथा बिक्री करने वाली मिलों एवं इकाइयों के पास कपड़ों में कारोबार है। अब ग्राहकों की रूचि पहले की तुलना में हल्का कपड़ा कम पसंद किया जा रहा है, लेकिन मीडियम दर्जे के कपड़ों का बाजार बढ़ा है। कपड़ों में गारमेंटरों की मांग कमजोर है।

मुंबई में आयोजित सीएमएआई के नेशनल गारमेंट फेयर 2024 में चार दिनों में 2100 करोड़ रू का व्यापार होना अभूतपूर्व सफलता की ओर इशारा कर रहा है। इसका आयोजन दो अलग-अलग स्थानों पर किया गया था, इसमें मेंस वियर, वूमेन्स वियर और किड्स वियर के साथ एसेसरीज शामिल किया गया था। 13 हजार से अधिक एपेरल ब्राण्ड प्रदर्शित किये गए तथा रिटेलर, वितरक और थोक व्यापारी शामिल हुए। जानकारों का कहना है कि पार्टी वियर, कैजुअल वियर और एथनिक वियर के लिए शर्टिंग का बाजार मजबूत है। इतना ही नही शर्टिंग आइटमों, प्रिंटेड तथा फैंसी शर्टिंग में कामकाज अच्छा हो रहा है और अब अधिक होने की संभावना है।

व्यापारियों का कहना है कि अगस्त माह से विभिन्न त्योहार जैसे कि रक्षाबंधन, गणेशोत्सव, नवरात्रि, दशहरा और दीपावली की एक लंबी श्रृंखला होने के साथ नवम्बर से वैवाहिक सीजन शुरू होने पर कपड़ों में कारोबार को लेकर फिर किसी तरह की चिंतनीय स्थिति नहीं रहती है। वैवाहिक सीजन में सबसे अधिक कपड़ों की मांग रहती है। इस सीजन में हर किस्म के कपड़ों में कारोबार जैसे कि सूटिंग-शर्टिंग, साड़ियां, ड्रेस मटीरियल, ब्लाउज मटीरियल, उपहार के लिए कॉम्बों पैक, मर्दानी धोती इत्यादि में कारोबार बहुत अच्छा होता है। इसलिए कारोबारियों की तैयारियां अभी से जोरों पर है। हर वर्ष त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले पुराने स्टॉक को कम करने के लिए छोटी एवं बड़ी रिटेल दुकानों में सेल शुरू हो जाती है। इस बार भी सेल शुरू हुई और आकर्षक ऑफर दिए गए। एण्ड ऑफ सीजन की सेल अब कपड़ों की त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले बंद कर दी जाती है। अगस्त से त्योहारी सीजन शुरू होने जा रही है। ग्राहक कपड़ों की खरीदी करने के लिए बाजार में उतरे उससे पहले व्यापारी पुराना माल क्लीयर कर नया स्टॉक भरना शुरू कर देते हैं। इस वर्ष बारिश अच्छी होने से ग्रामीण क्षेत्रों में कपड़ों का कारोबार अच्छा होने की उम्मीद की जा रही है, परंतु व्यापारी कपड़ों का अधिक स्टॉक करने से बचना भी चाहते है।

मानसूनी सीजन जून एवं जुलाई में कारोबार मंदा ही रहता है। सेम्पलिंग के लिए कपड़ों की कुछ वैरायटी में हल्की ग्राहकी दिखाई दी है। शर्टिंग की एक-दो वैरायटी को छोड़ दे तो फिनिश कपड़ों के साथ ग्रे-कपड़ों में हो रहा कारोबार औसत से भी कम है। मिलें आगामी सीजन की तैयारी और उसकी बुकिंग करने में जुट गई है। कपड़ों की रिटेल मांग में ज्यादा दम नहीं है। फिनिश कपड़ों की बिक्री, ग्रे-कपड़ों का उत्पादन, प्रोसेस हाउसों में कामकाज पर व्यापक असर पड़ा है। त्योहारी सीजन शुरू होते ही फिनिश कपड़ों में ग्राहकी रहने का अनुमान है। देश में कपड़ों की खपत बढ़ाने में गारमेंट क्षेत्र की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो गई है। गारमेंट कपड़ों की मांग बढ़ने पर कपड़ा बाजार का रूख तेजी से पलट सकता है। सीएमएआई के गारमेंट फेयर में 2100 करोड़ रू का व्यापार हुआ है। तथापि देश में ऐसे ब्राण्ड और एपेरल निर्माताओं की कोई कमी नहीं है, जो अपनी जरूरतों के लिए कपड़ों की स्थानीय सोर्सिंग करने के बदले दूसरे देशों से कपड़ों की सोर्सिंग करते है। जो गारमेंट बांग्लादेश में बनकर भारत में बेंचने के लिए आता है, उसमें उपयोग किए जाते अधिकांश कपड़ा चीन का होता है। भारत का कपड़ा उद्योग चीन के सस्ते माल का दंश झेल रहा है, इसलिए देशी कपड़ों का उपयोग बढ़ाना चाहिए।

# स्थानीय जनप्रतिनिधियों का औद्योगिक विकास पर जोर

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

औद्योगिक क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिक्रियाएं शिथिल बनने का मुख्य कारण दिसावरी मण्डियों में ग्राहकी सामान्य से भी कम बनी हुई है। उत्पादकों के पास माल है पर लेवाली के अभाव में उनके पास पर्याप्त चालानी नहीं है। बरसाती सीजन में सदा ही ग्राहकी कमजोरी रहती है, इस तथ्य से उत्पादक वाकिफ है। कहीं बाढ़, नदी, नालों व वर्षा की अधिकता का असर ग्राहकों के आवागमन पर पड़ता है। उद्यमी उत्पादन भी आंशिक ही लेने को मजबूर है, क्योंकि इस क्षेत्र में श्रमिकों की भारी कमी रहती है और वर्षा थोड़ी-सी भी हो जाए तो श्रमिक तत्काल अपने गृह ग्रामों को प्रस्थान कर जाते हैं। मजदूरों की कमी का एहसास औद्योगिक प्रक्रिया पर पड़ता है। उद्यमी संसाधनों की बहुलता के उपरांत भी मशीनों को चला नहीं पाते। इस प्रकार के माहौल में बाजार गिरने का भय भी लगने लगता है। प्रतिष्ठित संस्थानों के पास उनकी गुणवत्ता की साख व छाप के कारण संतोषजनक कार्य रहता है। पोपलीन की ग्राहकी कुछ दबी-सी प्रतीत हो रही है। नाइटी के तेवर फिर से निखरने लगे हैं। अंडर स्कर्ट (पेटीकोट) की मांग है, परंतु इच्छित उत्पादन नही आने से प्रायः ऑफर पेंडिंग रहते हैं। अब उत्पादक कुछ नया करने हेतु अलग-अलग तरह के नए उत्पादन के प्रयास में है। टेक्निकल टेक्सटाइल के कई उत्पादन यहाँ जारी है। रिफाइनरी के कारण कई बड़े प्रतिष्ठान लगने की संभावना बढ़ी है। स्थानीय जनप्रतिनिधि औद्योगिक विकास और विस्तार के लिए विशेष जागरूक है। प्रशासन इन दिनों वृक्षारोपण व सौंदर्यकरण हेतु सचेष्ट है। नागरिकों की सहभागिता भी सराहनीय नजर आ रही है। वर्तमान में उद्यमी आयकर प्रावधानों की पालना में व्यस्त हैं। लोग आयकर रिटर्न भरने की तारीख बढ़ाने हेतु अनुरोध करते रहे, परंतु सरकार ने इस बात को नहीं मानने से नाखुशी का इजहार हुआ। औद्योगिक क्षेत्र में सीईटीपी के चुनाव को लेकर गर्मा-गर्मी बनी हुई है। बताया जा रहा है कि दो पक्ष बनने से सर्वसम्मति के माहौल को बल नहीं मिल रहा है। इस चुनाव में वें ही उद्यमी मतदान कर सकेंगे जो बालोतरा जल प्रदूषण नियंत्रण और निवारण ट्रस्ट से जुड़े हुए हैं। निर्णय क्या रहता है यह तो मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने पर ही पता चलेगा।




अब बारिश को करो एन्जॉय,
दाग धब्बों से डरे बिना।
Sparsh-Fab
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS
कैसे ?
3X COOL
इनोवेटिव फैब्रिक से!
भारत एक ट्रॉपिकल देश है जहाँ दिनभर यूनिफॉर्म पहनना एक टास्क है। इस समस्या का समाधान है 3X Cool फैब्रिक। प्रिय साथियों ! क्या आपको इस मैजिकल फैब्रिक के बारे में जानकारी है ? स्पर्श-फैब को विश्वास है कि यह एक रेवोल्यूशनरी खोज है जो न केवल यूज़र्स को कम्फर्ट प्रदान करेगी, बल्कि बिज़नेस में भी पहली पसंद होगी। इसकी तीनो खूबियाँ इसे एक चहेता विकल्प बनाते है। यदि आप को इस इनोवेटिव फैब्रिक के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो बेझिझक हमें संपर्क करें।
सॉइल रिलीज़
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान
चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक
डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध
डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.
एंटी स्टेटिक
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह
एक फैब्रिक जो पहनने वालों को रखे कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।
एक ऐसा फैब्रिक जो 10 सेकण्ड्स में सोखे पसीना , दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.
यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें
फ्री 3X Cool फैब्रिक के सैंपल के लिए या आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :
98 20 20 79 53
74 20 02 40 89


D.BADAMI
Digital Collection 2024-25 | Exclusive men shirting fabrics
For trade/corporate inquiries: info@dbadami.com
group.dbadami.com
A unit of Dhingar Silk Mills. Since 1961.
Instagram @dbadamiofficial
Mumbai, India


J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
BEYOND EXTRAORDINARY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's shops across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

# asharfi®
FABRICS

## A Royal Product for Royal Class

*Manufacturer Of Unique Combos In Industry*

COMBOS | SAFARIS | SUIT LENGTHS | ETHNICS

PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024





*Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India*

**Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.**

SCAN FOR CATALOGUE

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :-

**For Trade Enquiry**: - Call **-87088-98361, 92540-41864**

# 60 साल पुरानी संस्था AKAS की AGM में दिखी एकता

**सूरत/ सत्य प्रकाश...** विगत दिनों आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत (AKAS) की दूसरी वार्षिक सभा का आयोजन हुआ। आढ़तिया एसोसिएशन पिछले 60 वर्षों से सूरत की जानी मानी सबसे पुरानी व्यापारिक संस्था के रूप में काम कर रही हैं। AKAS की एनुअल जनरल मीटिंग (AGM) में कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष श्री प्रहलाद अग्रवाल के भाषण से हुई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था ने एक साल के कार्यकाल में अनेक कार्यों को ऊंचाई तक पहुंचाया। संस्था के पास आज 400 से अधिक मेंबर हैं जो देशभर की सभी कपड़ा मंडी से जुड़े हुए हैं। उसके साथ ही महामंत्री ने पिछले कार्यकाल की व्यवस्थित जानकारी दी और कोषाध्यक्ष ने ऑडिट रिपोर्ट पेश की जो सर्व सम्मति से पास हुई और श्री बजरंग जी अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का संचालन हुआ ।








## 300 से अधिक आढ़तियों ने पहुंचकर जताया विश्वास

60 साल के इतिहास में पहली इस सभा का आयोजन हुआ, जिसमें 350 से अधिक सदस्य मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में सम्मान्नीय अतिथि रामलीला सोसायटी के सर्वश्री बाबू लाल जी मित्तल व जगत विजय तुलसीयान, पूर्व संस्थापक अमरनाथ जी डोरा, साकेत के संस्थापक, कैलाश जी फोस्टा से, सूरत मर्केंटाइल एसोसिएशन से नरेंद्र जी साबू, अजय अग्रवाल और कॉर्पोरेटर रश्मि साबू और सुमन गडिया, राजेश जी अग्रवाल, सेवा फाउंडेशन के अशोक जी गोयल, SGTTA के सुनील जी अग्रवाल, विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद जी, अनिल जी अग्रवाल और अग्रवाल विद्या विहार स्कूल से सुभाष जी बंसल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से युवराज देशले, राजकुमार सिंह, बाहुबली सिल्क से लालचंद जैन और शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत (AKAS) की ट्रांसपोर्ट के संदर्भ में मीटिंग

**सूरत/** विगत दिनों AKAS की कपड़ा बाजार की कई सारी समस्याओं के संदर्भ में मीटिंग हुई, जिसमें पिछले हफ्ते ट्रांसपोर्ट के नए नियम जैसे वजन व साइज के मुद्दे थे और उससे आने वाली दिक्कतों से कपड़ा बाजार के व्यापारी एवं संस्थाओं को पिछले हफ्ते की व्यापारिक समस्या एवं ट्रांसपोर्ट संबंधी जानकारी दी।

मीटिंग में अन्य संस्थाओं के जिम्मेदार व्यक्तियों ने सभी समस्याओं पर चर्चा की और सूरत की सबसे पुरानी संस्था में विश्वास और आस्था जताई।

वजन के मेटर में सहमति नहीं बन पाई क्योंकि सूरत कपड़ा बाजार पूरे हिंदुस्तान से जुड़ा हुआ है, उसमें माल पाली, बालोतरा, इचलकरंजी, भिवंडी से भी माल पूरे हिंदुस्तान में आता जाता है तो क्या वजन की मर्यादा का मुद्दा उन पर भी लागू है, यह विषय भी विचारणीय है।

इसलिए इन सभी बातों को देखते हुए कुछ समय के लिए इस चर्चा को स्थगित करने का विचार बना और व्यापारियों से बातचीत करने के बाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से बातचीत की जाएगी। इस मीटिंग में अध्यक्ष सर्व श्री प्रहलाद अग्रवाल और महेश जैन, केदारनाथ अग्रवाल, राजीव ओमर, निटिंग एसोसिएशन से अशोक सिंघल और अशोक बाजारी एवं मिलेनियम मार्केट से कमलेश जैन, मंडप संगठन, मर्केंटाइल एसोसिएशन से और कई सारे व्यापारीगण इस मीटिंग में मौजूद रहे।




# SURAT FASHION SUMMIT

## का आयोजन 13-14 अगस्त को गांधीनगर (गुजरात) में






**सूरत/ सत्य प्रकाश**

भारत के टेक्सटाइल हब सूरत के टॉप 25 सप्लायर्स मिलकर गुजरात के गांधीनगर में मेगा फैशन इवेंट करने जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13-14 अगस्त को होटल दी लीला में **Surat Fashion Summit** नाम से इस इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। सम्मिट में भाग ले रहे सूरत के वूमेन्स फैशन वियर निर्माताओं ने जमकर तैयारी की है। फैंसी साड़ीज, सूट्स, लहंगे, एथेनिक एवं लेडीज रेडीमेड्स निर्माता आगामी फेस्टिव सीजन के लिए तैयार परिधानों का भव्य डिस्प्ले करने वाले हैं। सूरत मंडी के टॉप एजेंट्स में शुमार जी एम एजेंसी के संचालक श्री गोपाल मालपानी एवं श्री गोकुल मालपानी ने बताया कि **Surat Fashion Summit** सूरत मंडी के टॉप वूमेंस वियर निर्माताओं द्वारा एक्सक्लूसिव प्लेटफॉर्म बनाया गया है, जहां पर लेडीज फैशन से संबंधित नए- नए परिधान पेश किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत के बड़े रिटेल संस्थानों और सूरत के टॉप क्रिएटिव ब्राण्ड के बीच मजबूत कारोबारी संबंध कायम करने के लिए इस सम्मिट का आयोजन किया जा रहा है।

### देश के 350 बड़े रिटेलर्स करेंगे शिरकत

**Surat Fashion Summit** में देश के 350 बड़े रिटेलर्स को आमंत्रित किया गया है, जिसमें देश के कारपोरेट सेक्टर की रिटेल चेन भी शामिल होगी। श्री गोपाल मालपानी एवं श्री गोकुल मालपानी ने कहा कि इस सम्मिट से सूरत मंडी के व्यापार को नई दिशा मिलेगी तथा यहां के क्रिएटिव ब्राण्ड्स एवं रिटेल संस्थानों के बीच मजबूत व्यापारिक संबंध कायम होंगे। **ज्ञात रहे कि सम्मिट में केवल आमंत्रित व्यापारियों को ही प्रवेश मिलेगा।**






## सम्पादकीय....

# भारत की इकोनॉमी मजबूत

पिछले हफ्ते अमेरिका सहित दुनियाभर के शेयर बाजार में जो गिरावट शुरू हुई, उसका असर सोमवार को भी भारतीय बाजार पर दिखा। अमेरिका में बिकवाली वहाँ इकोनॉमी के मंदी में फँसने के डर से शुरू हुई। इस बीच, इजराइल-ईरान के बीच युद्ध की आशंका ने भी ग्लोबल सेंटिमेंट खराब किया है।

**टेक कंपनियों से निराशा-** अमेरिकी मार्केट में इससे पहले जो तेजी चली आ रही थी, वह ज्यादातर टेक्नोलॉजी कंपनियों तक ही सीमित थी। वह भी इस वजह से कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) की बदौलत इनकी ग्रोथ तेज बने रहने की भविष्यवाणी की जा रही थी, लेकिन जून तिमाही के इन कंपनियों के रिजल्ट आए तो उससे मार्केट को निराशा हाथ लगी।

**ब्याज दरों में कटौती में देरी:** अमेरिका में मंदी का डर बढ़ने से वहाँ के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पॉलिसी को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या उसे ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देनी चाहिए थी? वैसे, मंदी का डर बढ़ने के बाद फेडरल रिजर्व कह चुका है कि वह जल्द ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा।

**येन में गिरावट-** मार्केट पर जापानी की मुद्रा येन में आई गिरावट का भी असर हो रहा है। बैंक ऑफ जापान (जैसे भारत में रिजर्व बैंक है) ने हाल ही में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। असल में, बड़े विदेशी निवेशक वहाँ बेहद कम ब्याज दरों पर कर्ज लेकर उसे भारत सहित दुनिया के दूसरे बाजारों में लगाते हैं। इसे येन कैरी ट्रेड कहा जाता है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और येन में आई गिरावट की वजह से अब ऐसे सौदे काटे जा रहे हैं। इससे भी मार्केट पर दबाव बढ़ा है।

**भारत मजबूत-** ग्लोबल बिकवाली की वजह से भारतीय बाजार पर भले ही दबाव बढ़ा है, लेकिन इसकी तुलना अमेरिका के टेक्नोलॉजी शेयरों में तेजी वाले मार्केट से नहीं की जा सकती। अव्वल तो भारतीय इकोनॉमी बेहद मजबूत है। पिछले वित्त वर्ष में GDP ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज थी। इस वित्त वर्ष में भी उसका यह दर्जा बना रह सकता है। बड़ी बात यह भी है कि भारतीय बाजार की विदेशी निवेशकों पर निर्भरता बेहद कम हो गई है और डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स इसकी ताकत बने हुए हैं।

**घबराने की जरूरत नहीं-** वैसे, यह बात सही है कि भारतीय बाजार का वैल्युएशन कुछ अधिक हो गया था, लेकिन किसी भी हाई ग्रोथ मार्केट को अक्सर ऊँचा वैल्युएशन मिलता है और भारतीय कंपनियों की मुनाफे में बढ़ोतरी की रफ्तार को देखें तो यह वैल्युएशन अधिक नहीं लगता। इसलिए, भारतीय निवेशकों को इस गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर, उन्होंने लंबी अवधि के लिए क्वालिटी स्टॉक्स में निवेश किया है तो उनके पैसा बनाने की संभावना बनी रहेगी। लेकिन यह भी सच है कि दुनियाभर के बाजारों में बिकवाली के असर से भारतीय बाजार बचे नहीं रह सकते।

कुछ नया, कुछ अलग

# गलती को स्वीकार करना है बड़प्पन की निशानी



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**नमस्कार मित्रों,**
आज में एक ऐसे विषय पर बात करना चाहूँगा जो हम सबसे जुड़ा हुआ है। अक्सर हम सभी हमारी गलती स्वीकारने से कतराते है। दुनिया में हर एक इंसान कभी न कभी छोटी-बड़ी गलती करता ही रहता है। गलतियाँ करना इंसान का स्वभाव है। संसार में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जिसने अपने जीवन में कभी-भी कोई गलती न की हो, लेकिन बड़ा इंसान वहीं है जो अपनी गलती को स्वीकार करना जानता हो। 'गलती मेरी थी' बस, इतना कहने से कई सारी समस्याओं का हल निकल सकता है। रिश्तों में आई कडवाहटें दूर हो सकती है। गलती स्वीकारने से कोई भी इंसान छोटा नहीं हो जाता बल्कि, गलती स्वीकारना तो बड़प्पन की निशानी है।

गलती स्वीकारने से हम विनम्र बनते हैं। गलती उसी से होती है जो इंसान कुछ नया सीखने की चाह रखता हो। जो व्यक्ति कुछ करने का प्रयास ही न करें उससे गलती होना तो नामुमकिन-सा है। जीवन में कामयाबी पाने का सबसे बड़ा मंत्र यह है कि यदि खुद से गलती हो तो माफी मांग लीजिए और यदि किसी दूसरे से कोई गलती हो जाये तो उन्हे माफ कर दीजिए। मेरा मानना है कि अगर आप गलती को गलती के रूप में लेने के बजाए एक सीख के रूप में ले तो, उसे स्वीकारना और भी आसान होगा।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति और भारत के मिसाइलमेन कहे जाने वाले डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि, 'गलतियाँ करना सीखने की प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा है। गलतियाँ किए बिना, हम कभी कुछ नया नहीं सीख पाएँगे और जीवन में आगे नहीं बढ़ पाएँगे।' जो व्यक्ति गलतियाँ करता है वहीं कुछ नया सीख सकता है। लेकिन हमेशा याद रखे अगर, कोई गलती हो जाये तो तुरंत उसके लिए माफी मांग ले, भूल को स्वीकार कर ले। यदि आप गलती करने पर तुरंत क्षमा मांग लेते हो तो सामने वाले का गुस्सा काफी हद तक कम हो जाता है। क्षमा मांगना और क्षमा कर देना दोनों ही गुण अच्छे व्यक्तित्व की पहचान है।

बार-बार गलतियाँ करने के बावजूद कोई इंसान अगर उसे स्वीकारने से इनकार करें तो यह अहंकार की निशानी है। भूल स्वीकारने से अहंकार खत्म होता है। अहंकारी व्यक्ति अक्सर गलती स्वीकारने के बजाए उसे नज़रअंदाज़ कर देता है या गलती का ठीकरा दूसरों पर फोड़ता है। जीवन में ऐसे इंसान कभी-भी कामयाब नहीं हो सकते। सफलता की उम्मीद लगाए बैठा इंसान यदि गलती हो जाने पर गलती को स्वीकार नहीं करता है, तो उसके द्वारा की गई मेहनत निरर्थक है।

**रहीम कह गए है कि -**
**'छिमा बड़न को चाहिए,**
**छोटन को उत्पात।**
**कह रहीम हरि का घट्यों,**
**जो भृगु मारी लात'।।**

अर्थात् क्षमा करना बड़े लोगों का स्वभाव है और उत्पात करना छोटे लोगों की आदत, भगवान विष्णु को भृगु ऋषि ने लात मारी फिर भी भगवान विष्णु ने इस कृत्य पर भृगु ऋषि को क्षमा कर दिया। यहाँ रहीम अपने दोहें में भगवान विष्णु का बड़प्पन बयाँ कर रहे हैं। यदि भगवान भी किसी को क्षमा करने का सामर्थ्य रखते है तो हम तो फिर भी इंसान है।

दोस्तों, क्या आप जानते हो जैन धर्म के श्वेतांबर संप्रदाय में तो क्षमा मांगने के लिए एक अलग से पर्व भी है जिसे संवत्सरी कहते हैं। जगत को क्षमा, प्रेम, करूणा, दया व अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान महावीर के अनुयायी जैनियों के लिए पर्युषण पर्व का बड़ा माहात्म्य होता है जो भाद्रपद माह आता है और आठ दिन तक चलता है और इसी पर्व का आखिरी दिन होता है संवत्सरी। इसी दिन सभी जैन जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगते है। इसी दिन सभी जैनीयों द्वारा संवत्सरी प्रतिक्रमण की तपस्या की जाती है जिसमें सभी जैन अपने तमाम रिश्तेदारों और दोस्तों को 'मिच्छामी दुक्कड़म' बोल कर क्षमा मांगते हैं और अपनी गलतियों को स्वीकार करते है।

व्यापार में भी अगर कोई गलती हो जाए तो सबसे पहले उसे स्वीकार ले। कई बार व्यापारी अपनी गलती नहीं स्वीकारता और उस गलती का दोष ग्राहक या कर्मचारी पर थोप देता है जो ठीक नहीं है। दफ्तर में भी यदि आपसे कोई बड़ी गलती हो जाए तो तुरंत बॉस से जाकर कह दे की मुझसे यह गलती हो गई है, जो आइंदा से ना हो उसका में ठीक से ध्यान रखूँगा। ऐसे कहीं सारे लाभ गलती को स्वीकार करने में है। मैं एक सुविचार से आज की बात को विराम देना चाहूँगा। गलती जिंदगी का एक पेज है पर रिश्ते जिंदगी की किताब है,

**जरूर पड़ने पर गलती का एक पेज फाड़ देना पर एक पेज के लिए पूरी किताब मत खो देना।।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# कोलकाता टेक्सटाइल एजेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित रामकथा हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न




**कोलकाता/** स्थानीय कपड़ा व्यापार की प्रमुख संगठन कोलकाता एजेंट्स एसोसिएशन द्वारा सात दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी श्री हरिशंकर झँवर ने बताया कि यह आयोजन दिनांक 30 जुलाई, 2024 से 5 अगस्त, 2024 तक संपन्न हुआ। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथाकार विदुषी पूजा जोशी (वृंदावन) के मुखारविंद द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में टेक्सटाइल व्यवसाय से जुड़े उद्यमी परिवार सहित रामकथा का रसपान करने पहुँचे। साथ ही कई सामाजिक संगठनों एवं माता-बहनों ने इस कथा का आनंद लिया। इस दौरान श्री हरिशंकर झँवर, श्री प्रभु दयाल भरतीया, श्री ललित कुमार सिंघी, श्री ब्रह्मानंद बंग, श्री नारायण दास मोहत एवं श्री अरविंद सिंह एवं अन्य भक्तगण ने इस दौरान कथा का श्रवण किया।

गौरतलब है कि विदुषी पूजा जोशी कपड़ा एजेंसी से जुड़े श्री मदन जोशी की सुपुत्री है और श्री जोशी संगठन में उच्चस्थ पद पर काफी लंबे समय तक भूमिका निभाते रहे हैं और कोलकाता वस्त्र व्यवसाय के उत्थान हेतु कई कार्यो को क्रियान्वित किया है तथा आज भी उसी जोश के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। श्री जोशी कोलकाता में टेक्सटाइल वर्ल्ड पेपर का प्रतिनिधित्व करते है।








## YARN RATES
यार्न रेट्स 05 अगस्त, 2024

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 225 |
| 2/18 Dyed | 190 |
| 2/40 Dyed | ----- |
| 2/30 Frosted | 223 |
| 2/30 Dyed Slub | ----- |
| 2/30 School Dress Clourer | 225 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 156 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 166 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 161 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 180 |
| 1/15 Poly Black | 110 |
| 20 PV Black | 145 |
| 15 PV Black | 141 |
| 2/30 PV 65/ Black | 190 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 116-156 |
| 150 Roto Black. | 120-165 |
| 150 Roto Bright. | 132-156 |
| 150/250 grey. | 132-172 |
| 150/250 dyed | 140-190 |
| 150 FDY. | 135 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 126 |
| 2/40 POLY | 180 |
| 2/15 Poly Grey | 122 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 117 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 60-100 |
| 6 cone. OE | 68-148 |
| 10 cone OE | 90-196 |
| 2/4 cone OE | 90-155 |
| 2/6. OE | 93-167 |
| 2/8 OE | 95-170 |
| 2/10 OE. | 110-212 |
| 2/20 OE. | 220-280 |
| 2/30 RF. | 302-415 |
| 2/40 RF | 296-398 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 199 |
| 15 CONE | 205 |
| 20 CONE | 210 |
| 2/15 CONE | 216 |
| 2/40 CONE | 267 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 163 |
| 2/24 Poly Grey@ | 170 |
| 2/30 Poly Grey@ | 175 |
| 2/40 Poly Grey@ | 202 |
| 2/60 Poly Grey@ | 262 |
| 2/76 Poly Grey@ | 322 |
| 2/30 PV Black @ | 225 |
| 2/40 PV Black @ | 265 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 250 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | NA |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 134 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 222 |
| 2/30 pv | 195 |
| 1/20 pv | 168 |
| 1/15 pv | 162 |

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 222 |
| 2/60 PVT | 225 |
| 2/60 Polyster | 230 |
| 2/76 Polyster | 272 |
| 2/60 P.V. | 265 |
| 2/60 P.V. | 272 |
| 150/48/400 Bright | 134 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 168 |
| 65/36/600 Bright Rate | 211 |
| 100/36/1450 | 152 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 187+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 186+GST |

Cd : 3rs/kg

### PAWAN ENTERPISES
9414111656
Triveni Spinning

| | |
|---|---|
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 160 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 197 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 227 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 152 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 155 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 167 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 170 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 186 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 133 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 152 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 200 |
| 2/30 100% Viscose@ | 230 |
| 2/40 100% viscose@ | 265 |

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com
Raghav Agency Trident Ltd.

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | 162 |
| 1/14 OE | 171 |
| 1/16 OE | 175 |
| 1/20 OE | 201 |
| 30 KW | 265 |
| 30 CWC | 278 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 325 |
| 50 CW COMPACT | 395 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 155 |
| 1/20 POLY 100% | 145 |
